राजस्थान–सरकार

संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर

द्वितीय तल, ब्लाक 6, शिक्षा संकुल, जे.एल.एन मार्ग, जयपुर

☎: 0141–2704357 : 0141–2704358 email : dir-sans-rj@nic.in

क्रमांकः–निसंशि / शैक्ष–8 / विविध 139 / 2022 / 25082-121 दिनांक :– 01·8·2022

प्राचार्य समस्त आचार्य / शास्त्री महाविद्यालय
संभागीय कार्यालय, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर
भरतपुर, कोटा, अजमेर, बीकानेर संभाग, चूरू

विषयः– आजादी का अमृत महोत्सव के आयोजन की श्रृंखला मे 'हर घर तिरंगा' कार्यक्रम बाबत।

प्रसंगः– राज्य सरकार के पत्र कमांक प.24 (5) शिक्षा–6 / AKAM/ 2021 / पार्ट जयपुर दिनांक 28.07.2022

उपर्युक्त प्रसंगोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि सचिव स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय,भारत सरकार, नई दिल्ली की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव के क्रम में 'हर घर तिरंगा' के संबंध में दिनांक 21.07.2022 को वी.सी. का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम के संबंध मे निम्नांकित निर्देशों की पालना सुनिश्चित करावें:–

1. कोविड–19 की पालना करते हुए एवं सावधानी रखते हुए जहां भी संभव हो, 11–15 अगस्त 2022 के बीच प्रभात फेरी आयोजित की जाये।
2. प्रत्येक विद्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जावे।
3. स्कूलों में सभी बच्चों,शिक्षकों और गैर शैक्षिक कर्मचारीयों को भी अपने –अपने घरों मे राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जावें।
4. राज्य के शिक्षा विभाग के कार्यालयों तथा एस.सी.ई.आर.टी. डाईट राज्य परियोजना निदेशक आदि कार्यालयों एवं सभी अधिकारीयों को भी अपने घरों में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जाए।
5. राष्ट्रीय ध्वज से संबंधित सफलता की कहानियां आजादी का अमृत महोत्सव Website से डाउन लोड की जा सकती है।
6. विद्यालयों में तिरंगा Lighting की व्यवस्था यदि संभव हो तो की जावें।
7. इस अभ्यिान में निजी और सरकारी दोनों स्कूलों को जोडा जाना चाहिए।
8. तिरंगा के आसपास केंद्रित कार्यक्रम और गतिविधयां आयोजित की जा सकती है।
9. तिरंगा के एक विशेष पहलू को समर्पित स्कूलों में विशेष प्रार्थना सभा आयोजित की जाये।
10. फ्लैग पेंटिग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाये, प्रतियोगिता के दौरान इस बात का ध्यान रखा जाए की फ्लैग कोड में दिए गए दिशा–निर्देशो का पालन किया जाए।
11. अभियान के दौरान बच्चों द्वारा चित्रित झंडो को हर धर तिरंगा अभियान के दौरान उनके घरों पर प्रदर्शिज किया जा सकता है।
12. स्कूली बच्चों और उनके माता–पिता, शिक्षकों और स्कूल स्टाफ को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और हर घर तिरंगा वेबसाइट पर फ्लैग के साथ सेल्फी प्रदर्शित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।
13. अभियान को और अधिक लोकप्रिय बनाने के लिए अभिभवाक–शिक्षक बैठक आयोजित की जा सकती है।
14. झंडे की आपूर्ति के लिए ई–कॉमर्स प्लेटफार्म का उपयोग कर सकते है।

15. राष्ट्रीय ध्वज डाक घरों से निर्धारित शुल्क पर क्रय किये जा सकते है।

16. सभी स्कूल सुनिश्चित करें की छात्र वेबसाइट पर झंडा लगाएं और वेबसाइट/सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर फ्लैग के साथ सेल्फी अपलोड करें।

17. सभी स्कूल कर्मचारियों, छात्रों को निर्देश दिया जाए कि वे "हर घर तिरंगा" वेबसाइट पर सेल्फी विद फ्लैग अपडेट करें। साथ ही, वे अपने भौगोलिक निर्देशांको के अनुसार वेबसाइट पर झंडा लगा सकते है।

इस कार्यक्रम हेतु नोडल अधिकारी श्री प्रवीण कुमार अग्रवाल (9799396880), शासन उप सचिव, पंचायती राज विभाग को मनोनीत किया गया है।

अतः निर्देशानुसार लेख है कि वी.सी. में दिए गए निर्देशों की पालना सुनिश्चित कराते हुए की गई कार्यवाही से कृपया इस विभाग को अवगत कराने का श्रम करावें।

1/8/22

(डॉ.भास्कर शर्मा)
निदेशक
संस्कृत शिक्षा राजस्थान, जयपुर

25082-121
01/8/2022

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1.विशिष्ट सहायक ,माननीय शिक्षामंत्री,राजस्थान।

2.विशिष्ट सहायक,माननीय शिक्षा राज्यमंत्री,राज्य सरकार ।

3.निजि सचिव,अतिरिक्त मुख्य सचिव,स्कूल शिक्षा, जयपुर।

4.शासन उप सचिव, शिक्षा (ग्रुप–6)विभाग ,जयपुर।

5.वेब–साईट प्रभारी निदेशालय संस्कृत शिक्षा राजस्थान जयपुर वेब– साईट पर अपलोड करने हेतु।

(डॉ.शालिनी सक्सैना)
संयुक्त निदेशक
संस्कृत शिक्षा राजस्थान, जयपुर